दिनांक 01.10.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम क्षेत्रान्तर्गत 02 अक्टूबर को होंगे विविध आयोजन , मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय का भी होगा शुभारंभ

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रान्तर्गत आने वाले जोन क्षेत्रों में दिनांक 02 अक्टूबर दिन बुधवार को 5 स्थल वार्ड 9 कोहका व्यायाम शाला के पास, वार्ड 17 वृन्दानगर शहरी स्वास्थ्य केन्द्र के पास, वार्ड 21 बैकुण्ठधम मंदिर के पास , वार्ड 28 छावनी मंगल बाजार सामुदायिक भवन तथा वार्ड 41 डुण्डेरा आयुर्वेदिक अस्पताल के पास सामुदायिक भवन में वार्ड कार्यालय का शुभारंभ किया जायेगा इनमें से वार्ड क्रमांक 17 वृंदानगर में प्रातः 7:30 बजे महापौर देवेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित होंगे। निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने समस्त जोन आयुक्तों को वार्ड कार्यालयों में आवश्यकतानुसार कुर्सी , टेबल, पेयजल, विद्युत आदि की व्यवस्था सुनिश्चत करने के निर्देश दिये हैं साथ ही आयुक्त महोदय द्वारा वार्ड कार्यालय खोले जाने को लेकर स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया गया।

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ योजना के अन्तर्गत स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन वार्ड क्रमांक 17 वृंदानगर एवं वार्ड 38 राजेन्द्र नगर में प्रातः 8 बजे से प्रारंभ किया जावेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर जाबो कार्यक्रम के तहत् प्रातः 10.30 बजे मुख्य कार्यालय सहित समस्त जोन कार्यालयों में महात्मा गांधी जी के तैल्य चित्र पर माल्यापर्ण पश्चात उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा शपथ लिया जायेगा इसके साथ ही स्वच्छता ही सेवा के तहत् समस्त जोन क्षेत्रों में प्लास्टिक वेस्ट श्रमदान एवं स्वच्छता श्रमदान , स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 रैली का आयोजन , स्वच्छाग्राहियों का जोन स्तर पर सम्मान किया जावेगा।

जनसम्पर्क अधिकारी